(ग) क्या सरकार ने राज्य सरकारों से आग्रह किया है कि वे इस चिन्ताजनक प्रवृत्ति पर अविलम्ब ध्यान दें और इस मामले में प्रभावी कदम उठाय ;

(घ) क्या सरकार ने इन आदिवासी क्षेत्रों के विद्यालयों में उपाय, साधन आदि जुट कर सामान्य शैक्षणिक सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कोई योजना बनाई है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा तथा संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल. पी. साही) :(क) पढाई बीच में छोड़ जाने वाले बच्चों की दरों के आंकड़े राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा पांचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण (1986) के अन्तर्गत एकत्र नहीं किए गए थे।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

(घ) और (ङ) आपरेशन ब्लैकबोर्ड की केन्द्रीय प्रायोजित योजना 1987–88 में आरम्भ की गई थी जिसका उद्देश्य सभी प्राइमरी स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से भौतिक सुविधाओं में पर्याप्त सुधार करना था। इस योजना का एक घटक सभी प्राइमरी स्कूलों में पाठ्यचर्या अध्यापकों के लिए पाठ्यपुस्तक/गाइड, नक्शे शैक्षिक चार्ट, योग्यता ब्लाक, खिलौने और खेल उपकरण संगीत उपस्कर स्कूल पुस्तकालयों के लिए पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकाएं प्राइमरी विज्ञान किट, लघु औजार किट, गणित किट, श्याम पट, चाक तथा झाड़न आदि जैसे अनिवर्य शिक्षण अध्यापन उपस्करोंका प्रावधान करना है। योजना में यह उल्लेख किया गया है कि खण्डों के चयन में वरीयता उनको दी जानी चाहिए जो शैक्षक रूप से उपेक्षित है और जहां पर अनुसूचित जातियों और शक्षक रूप से उपेक्षित अनुसूचित जनजातियों तथा अल्पसंख्यकों से सबधित व्यक्तियों का बाहुल्य हो।

दिल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य

2315. श्रीमती रत्न कुमारी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में दिल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन के सम्बन्ध में सर्वेक्षण कार्य कब पूरा किया गया ;

(ख) क्या निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) यह कब तक शरू कर दिये जाने की सम्भावना है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) सर्वेक्षण फरवरी 1988 में पूरा कर लिया गया था।

(ख) जी नहीं। बहुत से वैकल्पिक प्रस्ताव अभी भी भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि. तथा इस्पात एव खान मत्रालय के विचाराधीन है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Expansion of parking bay at Goa Airport

2316. SHRI JOHN F. FERNANDES: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Dabolim Airport in Goa does not have enough parking bay to accomodate two Air-Buses at a time, inspite of this airport being used for International flights-

(b) whether it is also a fact that quite often planes are made to wait on the runway for a considerable time when flights arrive late; which has become a common phenomenon with Indian Airlines these days; and

(c) if so, whether Government would consider to expand the parking bay on a